**तालिका 2 . वनश्री कुक्कुटों का टीकाकरण कार्यक्रम**

| आयु | टीका का नाम | नस्ल | खुराक | पद्धति |
|---|---|---|---|---|
| **हैचरी में** | | | | |
| प्रथम दिन | मारेक्स बीमारी | एचवीटी | 0.20 ml | एससी इंजेक्शन |
| **नर्सरी में** | | | | |
| 5 वां दिन | राणीखेत (न्यूकैसिल) बीमारी | लसोटा | एक बूंद | आंखों में |
| 14 वां दिन | संक्रामक बर्सल बीमारी | जार्जिया | एक बूंद | मुँह में |
| 21 वां दिन | फाउलपाक्स | फाउलपाक्स | 0.20 ml | आईएम / एससी इंजेक्शन |
| 28 वां दिन | राणीखेत बीमारी | लसोटा | एक बूंद | आंखों में |
| **क्षेत्र में** | | | | |
| 9 वां सप्ताह | राणीखेत (न्यूकैसिल) बीमारी | R2B | 0.50 ml | एससी इंजेक्शन |
| 12 वां सप्ताह | फाउलपाक्स | फाउलपाक्स | 0.20 ml | एससी इंजेक्शन |

## आपूर्ति

**उपजाऊ अंडे:** निदेशालय के हैचरी में वनश्री के उपजाऊ अंडे भुगतान के आधार पर उपलब्ध होते हैं। हैचिंग हेतु निर्धारित करने तक अंडों को ठंडे स्थान पर संग्रहित कर रखा जाए।

**एक दिन की आयु के चूज़े :** वनश्री की एक दिन की आयु के चूज़ों की प्राप्ती हेतु हैचरी में अग्रिम भुगतान किया जाए। "आईसीएआर यूनिट डीपीआर" के पक्ष में नकद या डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के माध्यम से अग्रिम भुगतान प्राप्त होने पर ही चूज़ों की आपूर्ति की जाएगी और इसे निदेशक, आईसीएआर-डायरेक्टरेट ऑफ पोल्ट्री रिसर्च, राजेंद्रनगर, हैदराबाद -30 (टीएस) के पते पर भेजा जाए। निम्नलिखित विवरणों के साथ भुगतान RTGS / NEFT के माध्यम से भी किया जा सकता है: बैंक का नाम: एसबीआई, एनआईआरडी एक्स रोड शाखा, खाता धारक का नाम: "आईसीएआर यूनिट डीपीआर" खाता संख्या: 52114970338, IFSC कोड: SBIN0020378. पत्राचार के लिए कृपया अपना संपर्क पता, टेलीफोन नंबर एवं ई-मेल आईडी प्रदान करें।

**बुकिंग एवं बुकिंग की स्थिति जानने हेतु संपर्क करें:** हैचरी, फोन: 040-24018687. ईपीएबीएक्स: 040-24015651, 24017000, Ext. 113, 114 (कार्य दिवसों पर)। ईमेल: pdpoult@nic.in, dprhatchery@gmail.com वेबसाइट: www.pdonpoultry.org



*ICAR- DPR Mobile App*


**भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय**

**राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500 30 (टी.एस.)**

ISO 9001-2015


# वनश्री

## (विकसित देशज कुक्कुट)






**भाकृअनुप-कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय**

ISO 9001-2015

**दे**शी कुक्कुट नस्लें अपनी अद्वितीय विशेषताओं जैसे कुक्कुटों की दृढ़ता, मांस एवं अंडों का स्वाद, रंगीन पंख , घर के खुले आंगन में कम लागत प्रणाली में पनपने की क्षमता, घर के पिछवाड़े और ग्रामीण इलाकों में अर्ध-गहन पालन प्रणाली जैसी विशेषताओं के कारण देश भर में आदिवासीय और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में यह काफी लोकप्रियता प्राप्त किए हैं। उच्च मांग के कारण विजातीय कुक्कुटों की तुलना में देशी कुक्कुट मांस और अंडे का मूल्य न्यूनतम होता है। ग्रामीण परिवारों में घर के खुले आंगन में कम संख्या में देशी कुक्कुटों का पालन करना आजीविका सुरक्षा प्रदान करता है, क्योंकि यह ग्रामीण गरीबों को आय के सहायक स्रोत के रूप में कार्य करता है। विकसित देशी कुक्कुटों को घर के पिछवाड़े या खुले क्षेत्रों में पालन से ग्रमीणजनों की अतिरिक्त आय में सहायक होती है। देशी कुक्कुटों की मांग को पूरा करने के लिए भाकृअनुप – कुक्कुट अनुसंधान निदेशालय , हैदराबाद ने देशी कुक्कुट नस्लों के संग्रह, लक्षण वर्णन, संरक्षण और सुधार पर कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत, वनश्री कुक्कुटों को जिसे असील (पीडी-4) नस्ल से विकसित किया गया है, इन्हें दस पीढ़ियों तक विकास और उत्पादन प्रदर्शन दोनों के लिए बेहतर पाया गया। यथापि, वनश्री कुक्कुट को मांस और अंडा उत्पादन के दोहरे उद्देश्य से विकसित किया गया । इनका पंखों का रंग आकर्षक सुनहरा, शरीर सौष्टव, लंबी और मोटी गर्दन, राजसी चाल, लंबी टांगें, छोटी चोंच, सतर्क आंखें, मटर कंकत, लाल कान की लोबिया, सफेद चर्म एवं पीली टांगें होती हैं। इसकी यह विशेषताएं आक्रामक देशज कुक्कुटों के समान होती हैं। नर कुक्कुटों के गले में ज्यादातर सुनहरे रंग के पंख होते हैं (हैकल्स) और पूंछ के सामने (काठी पंख) काले रंग की पूंछ (दरांती) होती है। मादा कुक्कुटों में एक समान सुनहरे पीले रंग के पंख होते है।

## वनश्री के पालन के मुख्य लाभ:

यह एक विकसित शुद्ध देशी कुक्कुट है। इसलिए, वे तेजी से बढ़ती है और अधिक संख्या में अंडों का उत्पादन करती है। किसान वनश्री के उपजाऊ अंडों से अपेने स्तर पर चूजों का उत्पादन कर सकते हैं। उन्हें बार-बार इसके ताज़ा चूज़ों के बैच हेतु हैचरी आने की आवश्यकता नहीं होती जैसे संकर किस्मों के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ वनश्री कुक्कुटों ने ब्रूडनेस चरित्र को भी दिखाया और यह लक्षण इस नस्ल के प्राकृतिक हैचिंग के स्व-प्रसार में मदद कर सकती है।

## वनश्री के मुख्य विशेषताएं

- आकर्षक सुनहरे भूरे रंग के पंखों का रंग
- लम्बे टांगों के कारण तेजी से चलने में मदद
- दृढ़ता
- शरीर का अधिक वजन
- मध्यम आकार के अंडों का अधिक उत्पादन
- हल्के भूरे रंग के अंडों का उत्पादन
- कम वसा वाले मांस का उत्पादन
- उच्च उत्तरजीविता
- वयस्क नर कुक्कुटों में आक्रामक व्यवहार

### तालिका 1 . वनश्री कुक्कुटों का प्रदर्शन

| आर्थिक लक्षण | फार्म | क्षेत्र |
|---|---|---|
| **शरीर का वज़न** | | |
| 8 सप्ताह. ग्राम | 500 - 570 | - |
| 20 सप्ताह. कि.ग्राम | 1.8 - 2.2 (नर) | 1.2 – 1.3 (नर) |
| | 1.4 - 1.6 (मादा) | 1.0 - 1.1 (मादा) |
| 40 सप्ताह. कि.ग्राम | 2.8 - 3.0 (नर) | 2.1 - 2.5 (नर) |
| | 1.6 - 2.1 (मादा) | 1.4 - 1.8 (मादा) |
| पहला अंडे के समय आयु. दिन | 160 - 180 | 185 - 200 |
| 72 सप्ताह तक अंडा उत्पादन, संख्या . | 180 - 192 | 100 - 120* |
| **अंडे का वजन . ग्राम** | | |
| 40 सप्ताह | 46-49 | 42 - 45 |
| 72 सप्ताह | 48-50 | - |
| पकाने के लिए तैयार मांस, % | 68-70 | - |
| ऊर्वरता, % | 80.5 – 84.5 | - |
| सेननता (रखे गए ऊर्वर अंडे), % | 82 - 86 | - |
| 8 सप्ताह तक उत्तरजीविता, % | 94 - 95 | - |
| 20 सप्ताह तक उत्तरजीविता, % | 85 - 92 | - |
| लेयर गृह में उत्तरजीविता (21-40 सप्ताह) | 90 - 95 | - |

* प्राक्कलन

## नर्सरी प्रबंधन :

इन्हें प्रारंभिक छह सप्ताह की आयु तक नर्सरी प्रबंधन में ब्रूडिंग आवश्यक है। इस अवधि के दौरान अन्य समान आयु के लेयर चूज़ों जैसे टीकाकरण, स्वास्थ्य देखभाल और प्रबंधन प्रथाएं समान हैं।

**दाना** : नर्सरी पालन के दौरान आवश्यक खनिज, विटामिन, रोगाणुरोधी और एंटी-कोसीडियल के साथ संतुलित दाना खिलाया जाए। स्थानीय रूप से उपलब्ध दाना सामग्री जैसे मक्का, बाजरा, ज्वार, रागी, टूटे चावल, चावल की भूसी, सूरजमुखी केक, मूँगफली केक आदि का उपयोग कर 2400 kcal ME (ऊर्जा) / किग्रा को प्राप्त करने हेतु 18% कच्च प्रोटीन, 0.85% लाइसिन, 0.38% मेथिओनिन, 0.7% कैल्शियम और 0.35% उपलब्ध फॉस्फोरस होता है। सभी चूजों को दाना एवं स्वच्छ पेयजल की आसान और निरंतर पहुंच सुनिश्चित करें।

**स्वास्थ्य देखभाल**: वनश्री कुक्कुट मज़बूत होती है एवं कुछ जीवाणु तथा परजीवी रोगों से अपेक्षाकृत अधिक प्रतिरोधी होती हैं। हालांकि, उन्हें सही समय पर टीकाकरण कर मारेक्स, न्यूकैसल और फाउलपॉक्स जैसे संक्रामक रोगों से बचाने की आवश्यकता है। (टीकाकरण पद्धति हेतु तालिका 2 देखें)





